राज्यपाल सचिवालय
राज भवन, जयपुर

राज्यपाल एवं कुलाधिपति श्री कलराज मिश्र ने जारी किए आदेश

राज्य के आठ विश्वविद्यालयों में कुलपति नियुक्त

जयपुर, 29 सितम्बर। राज्यपाल एवं कुलाधिपति श्री कलराज मिश्र ने विभिन्न सर्च कमेटियों की सिफारिश पर राज्य सरकार के परामर्श से आदेश जारी कर डॉ. अभय कुमार व्यास को कृषि विश्वविद्यालय, कोटा, प्रो. बगदा राम चौधरी को कृषि विश्वविद्यालय, जोधपुर, डॉ. अरूण कुमार को स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय, बीकानेर, प्रो. रामसेवक दुबे को जगद्गुरू रामानन्दाचार्य राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय, जयपुर, डॉ. अजीत कुमार को महाराणा प्रताप कृषि और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय,उदयपुर, प्रो. प्रदीप कुमार प्रजापति को डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन राजस्थान आयुर्वेद विश्वविद्यालय, जोधपुर, प्रो. कैलाश सोढाणी को वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय, कोटा तथा डॉ. बलराज सिंह को श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर का कुलपति नियुक्त किया है।

राज्यपाल एवं कुलाधिपति श्री मिश्र ने इन सभी को तीन वर्ष अथवा सत्तर वर्ष की आयु प्राप्त कर लेने तक, जो भी पहले हो के लिए कुलपति नियुक्त करने के आदेश जारी किए हैं।